सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 232 | इंदौर, सोमवार 09 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## ईरान की इस हरकत से आगबबूला हुआ सऊदी अरब

### दे डाली बड़ी चेतावनी, UAE के भी सब्र का बांध टूटा



**दुबई, (एजेंसी)** ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने बीते 10 दिनों से खाड़ी देशों पर लगातार हमले किए हैं। इन हमलों में ना सिर्फ अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया गया है, बल्कि ईरान ने सऊदी अरब और अन्य देशों के अन्य तेल और रिहायशी ठिकानों पर भी मिसाइलें बरसाई हैं। वहीं खाड़ी देशों ने अब तक संयम से काम लेते हुए दोनों पक्षों से बातचीत की अपील की है। हालांकि अब इन देशों के सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। रविवार को अपने तेल ठिकानों और एक रिहायशी इलाके पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए सऊदी अरब ने ईरान को चेतावनी दे दी है। सऊदी अरब ने सोमवार को ईरान को आगाह किया है कि अगर वह अरब देशों पर हमले करता रहा तो उसे अब तक का 'सबसे बड़ा नुकसान' उठाना पड़ेगा। सऊदी अरब का यह बयान उस नए ड्रोन हमले के बाद आया, जिसमें उसके बड़े शायबा तेल क्षेत्र को निशाना बनाया गया था। सऊदी अरब ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन द्वारा शनिवार को दिए गए इस बयान को भी खारिज कर दिया कि ईरान ने खाड़ी अरब देशों पर अपने हमले रोक दिए हैं।

## 5 मिनट... 13 लाख करोड़ स्वाहा, शेयर बाजार में क्रैश से हर ओर मचा कोहराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)** शेयर बाजार (Stock Market) में निवेश करने वालों के लिए सप्ताह के पहला कारोबारी दिन सोमवार बेहद खराब साबित हुआ. सेंसेक्स-निफ्टी दोनों इंडेक्स खुलने के साथ ही क्रैश (Sensex-Nifty Crash) हो गए. बीएसई का सेंसेक्स जहां 2400 अंक से ज्यादा फिसल गया, तो वहीं निफ्टी में भी 700 अंकों से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली. इस क्रैश के चलते बाजार की ओपनिंग होने के बाद महज पांच मिनट में ही निवेशकों के 13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा स्वाहा हो गए.

### उज्जैन की गेर में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

# जमकर उड़ाया रंग-गुलाल, जनता को दी रंग पंचमी की बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव रविवार को उज्जैन में महाकाल मंदिर में निकलने वाली परंपरागत गेर में शामिल हुए। यहां उन्होंने ध्वजा के पूजन के साथ-साथ अखाड़े के शस्त्रों की भी पूजा की। इतना ही नहीं इस मौके पर सीएम डॉ. यादव ने शस्त्र चलाने का प्रदर्शन किया। इससे पहले उन्होंने प्रदेश की जनता को रंग पंचमी की बधाई दी। उन्होंने ईश्वर से जनता के जीवन में उत्साह और उल्लास की कामना की। प्रदेश के मुखिया डॉ. यादव ने जनता के बीच पहुंचकर जमकर रंग पंचमी मनाई। जनता ने उन्हें, उन्होंने जनता को रंगों से सराबोर किया। इस आनंद से भरीं उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, रंग पंचमी के पावन पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। रंगों का यह त्यौहार आप सभी के जीवन में उत्साह व उल्लास



की वृद्धि करे, मेरी ओर से बहुत-बहुत मंगलकामनाएं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, '3ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्। आज रंग पंचमी के पावन अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर से निकलने वाली परंपरागत गेर में ध्वजा एवं अखाड़ों के शस्त्रों का विधि-विधान से पूजन किया। इससे पूर्व बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।'

### प्रदेश की संस्कृति-परंपरा पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद संभालने के बाद से ही प्रदेश की संस्कृति और परंपरा का विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने प्रदेश के कई त्यौहारों को राज्य उत्सव का दर्जा दिया है। सीएम डॉ. यादव का मानना है कि हर त्यौहार हमारे बीच की दूरियों को कम करते हैं। इसलिए हम जितने उत्साह से त्यौहार मनाएंगे, उतना एक-दूसरे को जान सकेंगे। उनका मानना है कि यह समरसता का पर्व है, जिसे सभी को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए।

### सीएम हाउस में मनाई थी ब्रज की होली

बता दें, इससे पहले 5 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हाउस में भी उत्साह के साथ होली मनाई थी। यहां भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम लोग और संत भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में फाग गीतों और पारंपरिक भजन गाए गए थे। सीएम हाउस ब्रज की थीम पर होली उत्सव की सजावट की गई थी। यहां बरसाने की होली जैसा माहौल देखने को मिला।

# तपने लगा मध्यप्रदेश, मार्च के पहले हफ्ते में ही 39°C तक पहुंचा तापमान,मालवा-निमाड़ सबसे गर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में इस बार मार्च की शुरुआत से ही तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। महीने के पहले ही सप्ताह में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है। खासकर मालवा-निमाड़ क्षेत्र के शहरों में गर्मी ने तेजी से तेवर दिखाए हैं और तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रविवार को रंगपंचमी के दिन प्रदेश में तेज धूप रही। रतलाम में सबसे ज्यादा 39 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं उज्जैन में 36.7 डिग्री, ग्वालियर में 36.5 डिग्री, इंदौर में 35.8 डिग्री, भोपाल में 34.8 डिग्री और जबलपुर में 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। नर्मदापुरम में 38.1 डिग्री, गुना और सागर में 37.4 डिग्री तथा श्योपुर में 37 डिग्री पारा दर्ज हुआ। प्रदेश के अधिकांश शहरों में तापमान 32 डिग्री से ऊपर बना रहा।

### हवा की दिशा बदलने से बढ़ी तपन

मौसम विभाग के अनुसार इस बार गर्मी जल्दी बढ़ने की मुख्य वजह हवाओं की दिशा में बदलाव है। फिलहाल प्रदेश में हवा उत्तर-पूर्व की बजाय पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही है। साथ ही हवा में नमी कम होने और रेगिस्तानी इलाकों से गर्म हवाएं आने के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

### ट्रेंड बदला, मार्च के शुरू में ही बढ़ा पारा

पिछले वर्षों के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में तेज गर्मी आमतौर पर मार्च के दूसरे पखवाड़े में शुरू होती थी, लेकिन इस



बार शुरुआत में ही तापमान में उछाल आ गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे मार्च के पहले पखवाड़े में कई शहरों में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच सकता है।

### मौसम विभाग की सलाह

तेज गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप का असर सबसे ज्यादा रहता है, इसलिए जरूरत होने पर ही बाहर निकलें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त पानी पिएं, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढंककर रखें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने की भी सलाह दी गई है।

### अप्रैल-मई में पड़ सकती है भीषण गर्मी

मौसम विभाग के मुताबिक इस साल अप्रैल और मई में गर्मी का असर और बढ़ सकता है। इन महीनों में प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना जताई गई है, जबकि ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल, सागर और जबलपुर संभाग में लू चलने की भी आशंका है।

बरसे अपनेपन के रंग

# गेर में सतरंगी हुआ आसमान



इंदौर में मिसाइलों से उड़ा गुलाल, रंगीन हो गया आकाश

## ● 34 मिनट में 400 सफाईकर्मियों ने क्लीन किया शहर

**इंदौर। देश में स्वच्छता के लिए अपनी अलग पहचान बनाने वाले इंदौर ने एक फिर से मिसाल पेश की है। रंगपंचमी के मौके पर शहर की ऐतिहासिक और पारंपरिक गेर का आयोजन किया गया। इस गेर में लाखों लोग शामिल हुए। सड़कों पर चारों तरफ रंग, गुलाल और पानी की बौछारों के बीच लोगों ने उत्सव का आनंद लिया। पूरे गेर मार्ग पर रंगों की बारिश होती रही और शहर का हृदय स्थल राजवाड़ा क्षेत्र रंगों से सराबोर नजर आया। लेकिन जैसे ही गेर का उत्सव समाप्त हुआ, नगर निगम की टीम ने तुरंत सफाई अभियान शुरू कर दिया और महज 34 मिनट के भीतर पूरा इलाका साफ कर दिया गया। रंगपंचमी के दिन इंदौर में निकलने वाली गेर का अपना अलग ही महत्व है।**

हर साल की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में वाहन और टैंकरों के माध्यम से रंग और पानी की बौछारें की गईं। पूरे गेर मार्ग पर लोगों ने जमकर रंग खेला और शहर में उत्सव का माहौल बना रहा। लाखों लोगों की मौजूदगी और हजारों टन रंग-गुलाल के इस्तेमाल किया गया। गेर समाप्त होते ही नगर निगम के सफाई मित्रों और मशीनों की टीम ने तुरंत काम शुरू कर दिया। खासतौर पर राजवाड़ा क्षेत्र और पूरे गेर मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। करीब 400 से अधिक सफाई मित्रों की टीम अलग-अलग स्थानों पर तैनात थी जिन्होंने तेजी से काम करते हुए सड़कों को दोबारा साफ कर दिया। कुछ ही देर में पूरा क्षेत्र पहले की तरह स्वच्छ दिखाई देने लगा। इस विशेष सफाई अभियान के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भी मौके पर मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था की लगातार निगरानी की और टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके मार्गदर्शन में नगर निगम की पूरी टीम ने मिलकर सफाई अभियान को तेजी से पूरा किया। नगर निगम ने इस बार सफाई के लिए पहले से ही व्यापक इंतजाम कर रखे थे। गेर मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मशीनें और वाहन तैनात किए गए थे। सफाई अभियान में 10 स्वीपिंग मशीन, 7 डंपर, 6 जेसीबी मशीन, 3 लॉन्ग हॉलिंग वाहन, 3 ट्रैक्टर, 30 ओपन वाहन और 20 जेट प्रेशर मशीन का उपयोग किया गया। इन सभी संसाधनों की मदद से गेर समाप्त होते ही सड़कों की सफाई शुरू कर दी गई। रंगपंचमी के दौरान राजवाड़ा क्षेत्र में लोगों का भारी जनसैलाब उमड़ा था। रंग, गुलाल और पानी के बीच लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ त्योहार मनाया। लेकिन उत्सव समाप्त होते ही जिस तेजी से सफाई का काम हुआ, उसने एक बार फिर साबित कर दिया कि इंदौर सिर्फ नाम से ही नहीं बल्कि काम से भी स्वच्छता में नंबर वन है।









टोरी कॉर्नर की गेर में तीन टैंकरों पर मिसाइलें लगाकर रंग बरसाया गया। ऑपरेशन सिंदूर की याद में टैंक से रंगीन पानी की बौछार की गई। नगर निगम की गेर में हाथी की प्रतिकृति की सूंड से रंगीन पानी लोगों पर डाला गया। इस दौरान इतना गुलाल उड़ा कि आकाश रंगीन नजर आने लगा। मॉरल क्लब समिति की गेर में 15 ब्लोअर मशीनें, 6 डीजे गाड़ियां, एक बड़ी बोरिंग मशीन और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अलग-अलग झांकियां चलती रहीं। संगम कॉर्नर समिति की गेर में बरसाना की टीम ने लट्ठमार होली खेली। राधा-कृष्ण की जोड़ी ने रास रचाया। युवाओं की टोली होली गीत और देशभक्ति के तरानों पर नाचती-झूमती रही। संगम कॉर्नर की गेर में भगवान कृष्ण की झांकी के पीछे मोर पंखे सजाए गए थे। मोर पंखों से रंगों की बौछार हो रही थी। इस झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। कृष्ण और मोर पंख और रास उल्लास का अद्भुत नाता है, जो इस झांकी ने जीवंत कर दिया। संस्था सृजन के कमलेश खंडेलवाल के नेतृत्व में निकली संगम कॉर्नर की गेर 1 बजे के बाद राजवाड़ा पर पहुंची। इस गेर में हजारों की संख्या में युवा शामिल थे। गेर में शामिल टैंकरों व मिसाइलों से जमकर रंग और गुलाल की वर्षा हुई। राजवाड़ा पर जब यह गेर पहुंची तब वहां पैर रखने की जगह नहीं बची थी। लोगों ने उत्साह से गेर में भाग लिया।

दोहरी खुशी का गवाह बना इंदौर का राजवाड़ा

# सुबह रंगों की बौछार तो शाम को भारत की जीत बनी त्योहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में यह पहला मौका था, जब राजवाड़ा दिन में और रात में जश्न से गुलजार रहा। सुबह वहां रंगपंचमी मनी और शाम को भारत के विश्व विजेता बनने की खुशी। जो लोग सुबह रंग खेलकर थके-मांदे दिन में घर लौटे थे, टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद वे फिर नई ऊर्जा के साथ रात को राजवाड़ा लौटे।**



मैच एकतरफा था। इस कारण मैच खत्म होने से पहले ही राजवाड़ा पर भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। जैसे ही न्यूजीलैंड टीम के आखिरी बल्लेबाज़ का विकेट गिरा और जीत भारत के नाम हुई, वैसे ही शहर कुछ देर के लिए आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से गूंज उठा। क्रिकेट प्रेमी टीवी स्क्रीन छोड़कर अपनी गाड़ियों से राजवाड़ा की ओर निकल पड़े। राजवाड़ा पर क्रिकेट दीवानों की भीड़ इकट्ठा हो गई। रंग-गुलाल, पटाखों के बीच ढोलकों की थाप पर क्रिकेट प्रेमी तिरंगे के साथ नाचे। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा राजवाड़ा गूंज रहा था।

राजवाड़ा से जुड़ी गलियों में भीड़ ही भीड़ थी। भीड़ ज्यादा बढ़ी तो लोग अपनी गाड़ियां इधर-उधर रखकर राजवाड़ा पहुंचे। कोई अपनी कार की छत पर बैठकर नारे लगा रहा था तो कोई दोस्तों के कंधे पर बैठकर नाच रहा था। बड़ा ही अद्भुत नजारा था राजवाड़ा का।

### ● बना रहा जीत का उत्साह

करीब एक घंटे तक राजवाड़ा भारतीय जीत के उल्लास का केंद्र बना रहा। भीड़ में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां शामिल हुए। कई परिवार अपने बच्चों के साथ तिरंगा हाथ में लिए जश्न मनाने पहुंचे। लोग नाचते-गाते अपनी खुशियां प्रकट कर रहे थे। कुछ देर बाद चौक पर मौजूद भीड़ को पुलिसकर्मियों ने शांतिपूर्वक अपने-अपने घरों की ओर लौटने के लिए कहा। गली-मोहल्लों में भी मैच को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शहर के कई प्रमुख चौराहों और कॉलोनियों में एलईडी स्क्रीन लगाई गई थीं, जिस पर फाइनल मैच का लुत्फ लोगों ने उठाया। राजवाड़ा पर भी एक बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी, जहां बड़ी संख्या में लोग मैच का सीधा प्रसारण देख रहे थे। पूरे शहर में देर रात तक जीत का जश्न जारी रहा और इंदौर एक बार फिर देशभक्ति और क्रिकेट प्रेम के रंग में सराबोर रहा।

# 12वीं के छात्र ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के हायर सेकंडरी का फिजिक्स और केमिस्ट्री का पेपर बिगड़ने से दुखी छात्र ने सुसाइड कर लिया। वह शनिवार को अपने कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। उसने कोई सुसाइड नोट भी नहीं छोड़ा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्र का सोमवार को मेथ्स का पेपर था।**

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक ओमेक्स सिटी में रहने वाले 17 साल के छात्र नचिकेत पुत्र राजेश कामदार ने शनिवार को अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसके फिजिक्स और केमिस्ट्री के पेपर बिगड़ गए थे। यह बात उसने अपने पिता राजेश को बताई थी और उन्होंने समझाया भी था कि तनाव लेने की जरूरत नहीं है। पेपर बिगड़ने के बाद से तनाव में रह रहा नचिकेत दो दिन से कमरे से बाहर नहीं निकला था। उसने बताया था कि वह अगले पेपर की तैयारी कर रहा है। शनिवार को उसके छोटे भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने बताया कि वह पढ़ाई में होशियार था पर उसके दो पेपर बिगड़ गए थे, जिससे वह परेशान हो गया था। नचिकेत निजी कोचिंग में भी पढ़ाई कर रहा था। पोस्ट मार्टम के बाद पुलिस ने छात्र का शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और वे शव लेकर सलकनपुर के लिए रवाना हो गए हैं। बता दें कि नचिकेत के पिता राजेश राऊ के एक कॉलेज में टीचर हैं और मां पटवारी हैं। उनकी पोस्टिंग शिप्रा इलाके में है। परिवार मूल रूप से सलकनपुर (सीहोर) का रहने वाला है।

# चौकीदार की संदिग्ध हालत में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया क्षेत्र में शनिवार शाम एक कॉलोनी के चौकीदार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चौकीदार घर पर पानी पीते समय अचानक गश खाकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।**

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना सेटेलाइट कॉलोनी की है। यहां के राजू पुत्र त्रयंबक इगले की मौत हुई है। राजू पिछले डेढ़ साल से कॉलोनी में चौकीदारी कर रहे थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे वह नाश्ता करने के बाद घर पर पानी पी रहे थे, तभी अचानक गिर पड़े। घटना के बाद कॉलोनी के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में साइलेंट हार्टअटैक आने की आशंका जताई है। परिवार के लोगों के अनुसार राजू मूल रूप से हरदा के रहने वाले थे। पिछले साल उनकी पत्नी की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उनके परिवार में एक बेटी है, जो इंदौर में ही अपने परिवार के साथ रहती है।

# 60 लाख के आभूषण लेकर गायब हुई कर्मचारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी कंपनी से लाखों रुपए की ज्वेलरी लेने और वापस न करने का मामला सामने आया है। कंपनी डायरेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने महिला कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में महिला के कुछ सहयोगियों के नाम भी सामने आए हैं, जिनसे जल्द पूछताछ की जाएगी।**

पुलिस के मुताबिक फरियादी रजत माहेश्वरी निवासी डी स्कीम नंबर 74 की शिकायत पर मेघा एमओजी लाइन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। रजत एमजी रोड स्थित सिटी सेंटर में रजत जेम्स एंड ज्वेलरीज प्राइवेट लिमिटेड नाम से ज्वेलरी कंपनी संचालित करते हैं, जो कई वर्षों से आभूषणों के व्यापार से जुड़ी हुई है। रजत के अनुसार मेघा ने वर्ष 2019 से कंपनी में कार्यरत थी। वह सेल्समैन के साथ मिलकर इनवॉइस तैयार करती थी और ग्राहकों को घर जाकर ज्वेलरी दिखाने का काम करती थी। कंपनी के कई ग्राहक मेघा को सीधेतौर पर पहचानते थे।

कंपनी की ओर से स्वर्ण आभूषण योजना भी चलाई जाती है, जिसमें ग्राहक किश्तों में रकम जमा कर ज्वेलरी लेते हैं। इसी योजना के तहत गोल्ड अप्रूवल वाउचर के जरिए मेघा ने कंपनी से ज्वेलरी प्राप्त की थी।आरोप है कि मेघा ने 357.66 ग्राम सोने की ज्वेलरी कंपनी से ली, लेकिन न तो यह ज्वेलरी ग्राहकों को दी गई और न ही कंपनी में वापस जमा कराई गई। इस ज्वेलरी की कीमत करीब 60 लाख 97 हजार रुपए है। मेघा ने संबंधित राशि भी कंपनी में जमा नहीं की गई। रजत के मुताबिक 12 फरवरी के बाद से मेघा कंपनी के ऑफिस भी नहीं आई। संपर्क करने की कोशिश की गई तो उसने कॉल रिसीव नहीं किया और बाद में पूरी तरह संपर्क बंद कर दिया। इसके बाद रजत ने अपने वकील से सलाह लेकर शनिवार को तुकोगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि मेघा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया जाएगा और ज्वेलरी के संबंध में जानकारी ली जाएगी। मामले की जांच जारी है।

गोवर्धन गौशाला पर आस्था का उमड़ रहा सैलाब...

# हमारी संस्कृति में पुरातन काल से ही नारी को पूज्नीय और आदर भाव दिया जाता रहा है : पं. नागरजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हमारी संस्कृति मे नारी शक्ति की महिमा का वर्णन ओर प्राथमिकता शुरू से हि किया गया है, नारी के सत को कभी प्रभावित नहीं होने देना चाहिए। हमारे धर्म ग्रंथो में नारी को प्राथमिकता है और पूजनीय भी बताया गया है पाश्चात्य संस्कृति आज महिला दिवस मना रही है हमारी संस्कृति में शुरू से ही नारी की महत्ता पहले पायदान पर रही है।**



यह विचार श्रीमद् भागवत कथा में गोवर्धन गौशाला पर परमपुर कमल किशोर जी नगर महाराज जी रविवार को व्यक्त किए. प्रमुख रूप से महेंद्र पटेल यशवंत पटेल सरदार सिंह सोलंकी राधेश्याम पटेल विनोद सोलंकी संतोष निमचा उपस्थित रहे. गोवर्धन गौ शाला में दो लाख स्क्वायर फीट के पंडाल के अलावा कितनी ही संख्या में पंडाल के बाहर भी कदम के पेड़ो की छाव के बीच श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं।

पं. नागरजी ने यह भी कहा कि नर को कभी नारी की निंदा नहीं करनी चाहिए और महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भी कितनी भी बड़ी लाइन हो महिला को फट से टिकट मिल जाता है। उन्होंने कहा, "राम से सीता अलग ना होती तो रावण को कौन मारता? रत्ना सी नारी ना होती तो तुलसी राम को पाता? सावित्री ना ज्योति तो सत्यवान के प्राण कौन बचाता? नारी अगर प्रसव पीड़ा ना सहती तो नर नारी को माँ नहीं कहता। पं. नागरजी ने यह भी कहा कि नर को कभी नारी की निंदा नहीं करनी चाहिए और महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भी कितनी भी बड़ी लाइन हो महिला को फट से टिकट मिल जाता है।

# इंदौर एयरपोर्ट पर जुटी सियासी हस्तियाँ: ग्रीष्मकालीन बजट सत्र और क्षेत्रीय विकास पर हुआ मंथन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**देवास/इंदौर/बड़वानी।** आज इंदौर एयर पोर्ट के वीआईपी लाँच में देवास एवं बड़वानी के सांसद महोदय श्री डॉ सुमेर सिंह सोलंकी जी एवं श्री महेंद्र सिंह सोलंकी तथा इंदौर के विधायक श्री मधु वर्मा जी के साथ 'डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट' के प्रधान एवं प्रबंध संपादकद्वय श्री पुष्पेंद्र पुष्प एवं श्री महेंद्र पालीवाल ने सौजन्य भेंट करते हुए ग्रीष्मकालीन बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान आगामी ग्रीष्मकालीन संसद सत्र में क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकासात्मक मुद्दों, जनहित के विषयों तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।



बैठक में क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा जनकल्याण से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ संसद सत्र में रखने पर सहमति व्यक्त की गई। सांसद महोदय एवं विधायक श्री मधु वर्मा जी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को संसद में मजबूती के साथ उठाया जाएगा, ताकि उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल हो सके।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रीष्मकालीन संसद सत्र के दौरान भी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी ने क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# करीला धाम के संपूर्ण विकास की बनाई जायेगी योजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## करीलाधाम देश का एकमात्र मंदिर जहां सीता माता अपने दोनों पुत्रों के साथ हैं विराजमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अशोकनगर जिले का करीला धाम श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अदभुत संगम है। इस पावन स्थल पर माता सीता अपने दोनों पुत्र लव-कुश के साथ विराजमान हैं। यह देश का एक मात्र अद्वितीय मंदिर है, जहाँ माता सीता अपने दोनों पुत्रों के साथ पूजी जाती हैं। देश के अधिकांश मंदिर भगवान श्रीराम को समर्पित हैं। करीला धाम लव-कुश की जन्म-स्थली भी है, जो लव-कुश की बाल लीलाओं की साक्षी है। इस पवित्र स्थली के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई जायेगी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को अशोकनगर जिले के करीलाधाम में रंगपंचमी मेला महोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीलाधाम में माता जानकी के दर्शन भी किये और जिले को 115 करोड़ रूपये लागत के 50 विकास कार्यों की सौगात भी दी। इसमें 57 करोड़ 3 लाख की लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और 58 करोड़ 32 लाख की लागत के 39 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता सीता धैर्य, साहस और आत्म-सम्मान का प्रतीक हैं। जब हम नारी शक्ति की बात करते हैं तो माता सीता का ध्यान आता है। माता सीता ने यह संदेश दिया कि नारी का आत्म-सम्मान ही सबसे बड़ी शक्ति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का भी विशेष स्नेह मिला है। यहाँ चित्रकूट में उन्होंने वनवास काल के 11 वर्ष बिताए। मध्यप्रदेश सरकार राम वन गमन वथ विकसित कर रही है। जहाँ-जहाँ भगवान श्रीराम के श्रीचरण पड़े हैं, उन्हें तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि करीला धाम में आस्था के साथ श्रद्धालु माता जानकी के दर्शन करने आते हैं। माता जानकी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करती हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माता जानकी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया है। माता सीता शक्ति एवं पराक्रम की देवी हैं, उनका प्रताप गौरवशाली संस्कृति है। इस पवित्र स्थान से महर्षि वाल्मीकि, सीता माता एवं लव-कुश की कहानी जुड़ती है।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की सात महिलाओं को सम्मानित किया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अमिता सेठी, धार्मिक क्षेत्र में श्रीमती नैना शर्मा, खेल के क्षेत्र में सुश्री पूनम रघुवंशी, पर्यावरण के क्षेत्र में श्रीमती विनीता साहू, स्वंयसिद्धा के क्षेत्र में श्रीमती गायत्री शर्मा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्रीमती छाया बैस तथा समाजसेवा के क्षेत्र में श्रीमती कुलविंदर कौर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला, पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अजय प्रताप सिंह यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बॉयफ्रेंड को करंट के झटके दिए, कुल्हाड़ी से पैर काटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** सिंगरौली जिले में प्रेमिका ने अपने परिवार के साथ मिलकर प्रेमी को मार डाला। बॉयफ्रेंड को करंट के झटके दिए, फिर लाठी-डंडे से पीटा। इसके बाद कुल्हाड़ी से पैर काट दिया। मरा समझकर उसे लहूलुहान हालत में खेत में फेंक दिया। मामला बरगवां थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान आजादपुर निवासी संदीप यादव (20) के रूप में हुई। संदीप यादव 28 फरवरी 2026 की सुबह करीब 6 बजे पोखरा गांव के पास खेत में घायल अवस्था में पड़ा मिला था। शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। बाएं पैर में गहरा कट लगा हुआ था। कटा अंगूठा जमीन पर पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल जिला अस्पताल बैढ़न में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान 6 मार्च को जबलपुर में संदीप की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक संदीप यादव और पोखरा गांव की पूजा पनिका के बीच करीब 8 महीने से प्रेम संबंध थे। युवती का घर रास्ते पर होने के कारण दोनों की अक्सर मुलाकात होती थी। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। हाल ही में युवती की शादी किसी अन्य युवक से तय हो गई थी। इससे संदीप नाराज था। प्रेमिका पर शादी के लिए दबाव बना रहा था।

# मुरैना में सबसे ज्यादा नकलची पकड़ाए, भोपाल दूसरे नंबर पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** फिल्म 12वीं फेल तो आपने देखी ही होगी। करीब 25 साल पहले मुरैना के बीहड़ इलाके में 17 साल का छात्र मनोज कुमार शर्मा 12वीं क्लास की परीक्षा दे रहा था। उसके पास नकल के लिए तैयार किए गए पर्चे थे। पास होना तय था। तभी परीक्षा केंद्र पर एक ईमानदार पुलिस अधिकारी पहुंचे। उन्होंने उसे नकल करने से रोक दिया। नतीजतन वह 12वीं में हिंदी सब्जेक्ट में फेल हो गया। लेकिन, उसी दिन उसके भीतर ईमानदारी और मेहनत का बीज पड़ गया। बाद में उसी मनोज कुमार शर्मा ने कड़ी मेहनत कर 12वीं कक्षा पास की। पढ़ाई जारी रखी और यूपीएससी परीक्षा क्लियर कर 2005 बैच का आईपीएस अधिकारी बना। इस मोटिवेट करने वाली कहानी से शायद उस इलाके के कुछ स्टूडेंट्स अब भी अनजान हैं। यही वजह है कि 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में मुरैना में सबसे ज्यादा 41 नकल के प्रकरण आए हैं। दूसरे नंबर पर राजधानी भोपाल है। यहां 20 नकलची पकड़े गए। इस बार संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई थी। फ्लाइंग स्क्वॉड और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद नकल के मामले सामने आते रहे। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से शुरू हुई थी। 7 मार्च को खत्म हुई।

# 8 हजार जूनियर डॉक्टर आज से हड़ताल पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत करीब 8 हजार रेजिडेंट डॉक्टर सोमवार से हड़ताल पर जा सकते हैं। लंबित स्टाइपेंड संशोधन लागू नहीं होने के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को प्रदेशभर के अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में 'जस्टिस मार्च' निकाला। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो सोमवार से OPD सेवाएं नहीं देंगे। ऑपरेशन थिएटर (OT) में भी केवल अति गंभीर मरीजों का ही इलाज किया जाएगा। इससे हर्निया, रॉड इंप्लांट जैसे सामान्य ऑपरेशन के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ सकता है। विरोध के अगले चरण में रविवार को प्रदेश के विभिन्न शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसरों में 'जस्टिस मार्च' रैली निकाली गई। राजधानी भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में दोपहर करीब 12 बजे सभी रेजिडेंट डॉक्टर एडमिन ब्लॉक पर एकत्र हुए। इसके बाद पूरे कैंपस और आसपास के इलाकों में रैली निकालकर नारेबाजी की गई। डॉक्टरों ने कहा कि यह मार्च शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया और सरकार से जल्द मांगें पूरी करने का अनुरोध किया गया है, ताकि आंदोलन को आगे बढ़ाने की जरूरत न पड़े।

# महिला कर्मचारियों ने ही संभाली ट्रेन की कमान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल द्वारा एक विशेष पहल की गई। इस अवसर पर ट्रेन संख्या 18235 भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस का संचालन पूर्णतः महिला कर्मचारियों द्वारा किया गया, जो रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनकी कार्यक्षमता का प्रेरणादायक उदाहरण है। यह विशेष ट्रेन आज प्रातः 10:15 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से रवाना हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरओ) सचिन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया तथा महिला क्रू सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पमाला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने महिला कर्मचारियों के समर्पण, दक्षता और उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

# अगले चुनावों में महिलाओं को मिलेगा 33% आरक्षण

**अशोकनगर, एजेंसी।** अगले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होने जा रहा है। यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को अशोक नगर जिले के करीला धाम में की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार ने अनेक कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनसे महिलाएं सशक्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीला धाम में मां जानकी के दर्शन कर रंग पंचमी मेला महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान ढोल बजाकर शंखनाद किया और श्रद्धालुओं के साथ होली खेली। साथ ही करीला धाम तीर्थ के संपूर्ण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। सीएम ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान मिला है।

## डिलीवरी के दौरान बड़ा हादसा

# लेबर टेबल टूटी, प्रसूता और नवजात नीचे गिरे, मासूम की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल जिला अस्पताल से एक बेहद दर्दनाक और चिंताजनक मामला सामने आया है। यहां प्रसव के दौरान लेबर रूम में लेबर टेबल टूटने से एक प्रसूता महिला अपने नवजात शिशु के साथ नीचे गिर गई। इस हादसे में नवजात की मौत हो गई, जबकि प्रसूता को भी अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

इस घटना ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का कहना है कि अगर अस्पताल में सुरक्षा और उपकरणों की सही व्यवस्था होती तो शायद यह हादसा नहीं होता। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने लापरवाही के आरोपों से इनकार किया है और मामले की जांच की बात कही है।

जानकारी के अनुसार शहडोल जिला अस्पताल के लेबर रूम में शनिवार रात एक महिला को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। प्रसव प्रक्रिया के दौरान अचानक लेबर टेबल टूट गया। टेबल टूटते ही प्रसूता महिला और नवजात दोनों नीचे गिर पड़े। इस घटना में नवजात शिशु को गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं प्रसूता महिला को भी चोटें आईं और उसकी हालत बिगड़ गई। घटना के बाद अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने तुरंत स्थिति संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक नवजात की जान जा चुकी थी। इस हादसे की खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। परिजनों और अस्पताल स्टाफ के बीच काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा।

# एसी ऑन करते ही घर में लगी आग...बहू की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4 बजे एक बिजनेसमैन के घर में आग लग गई। आग लगते ही घर से तेज धुआं और लपटें उठने लगीं। उस समय घर के अंदर परिवार के 6 लोग मौजूद थे। इनमें से 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बहू की मौत हो गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। खिड़कियां तोड़कर घर के अंदर पहुंचे। इसके बाद अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। मृतक के पिता अशोक अग्रवाल को हार्ट अटैक आया है। अपोलो हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार घर में एसी ऑन किया गया था। इसी दौरान आग लग गई। धीरे-धीरे पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। SDRF की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। आग बुझाने की कोशिश कर रही है। अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने बताया कि लगभग 35 से अधिक गाड़ियों का पानी आग बुझाने में अब तक लग चुका है।

## संपादकीय

# अमेरिका के बदलते सुर और भारत का लाभ

ईरान में जारी भयंकर युद्ध के बीच अमेरिका से कच्चे तेल संकट को दूर करने को लेकर एक और बड़ा संकेत दिया गया है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इशारा किया है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट की वजह से जो कच्चे तेल की किल्लत पैदा हुई है, उससे निपटने के लिए रुस समेत अन्य विकल्पों से इसे बाजार में उपलब्ध करवाने के उपाय किए जा रहे हैं। इससे भारत और अमेरिकी संबंधों में थोड़ी और मजबूती आ सकती है। पहले ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को लेकर संकेतों में यह बयान दिया गया कि यह अभी भारतीय जहाजों के लिए बंद नहीं है। दूसरी तरफ अमेरिका ने भारत को रुस से बिना रुकावट तेल खरीदने का रास्ता दिखाकर हमारा काम आसान किया। अभी फिर से अमेरिका ने जो संकेत दिया है, उससे भारत पर कच्चे तेल को लेकर बढ़ रहा दबाव और कम हो सकता है। रविवार को अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने एक ट्वीट करके बिना रुस या अन्य तेल सप्लायर देश का नाम लिए लिखा, '...'ट्रंप की लीडरशिप में हम दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और रिफाइनरों के साथ काम कर रहे हैं, ताकि दुनिया के तेल बाजार में स्थिरता बनी रहे, जब तक कि हम अपनी सेफ्टी और सिक्योरिटी खतरों को खत्म करते हैं।....' अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी का ताजा बयान भारत को रुस से 30 दिनों तक कच्चा तेल खरीदने की छूट वाली टिप्पणी से बिल्कुल अलग तरह का है, जिसको लेकर भारत में बहुत बड़ी सियासी फसाद शुरु है और विपक्ष ने संसद में भी इसपर सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है। इतना ही नहीं, बेसेंट ने फॉक्स न्यूज से यहां तक कहा कि कच्चे तेल पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति से दुनिया को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 'भारत में हमारे सहयोगी रुस से तेल खरीदना शुरु कर दें, जो पहले से ही समुद्र में है' और इसपर अमेरिकी ट्रेजरी विभाग सहमत है।

## सैर सपाटा

# इन देशों में हैं इंसानों के बनाए हुए खूबसूरत आइलैंड

### जिन्हें देखने देश-दुनिया से घूमने आते हैं टूरिस्ट्स





प्राकृतिक रूप से हम सभी को कितनी ही खूबसूरत चीजें मिली हैं, जिन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे हम सभी किसी स्वर्ग में हैं। यूं तो प्रकृति की ओर से मिले पहाड़, नदियां, समुद्र, आइलैंड की कोई बराबरी नहीं कर सकता, लेकिन आज के दौर में मानव भी काफी विकास कर रहा है। ऐसे में आज हम उन सुंदर आइलैंड के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें देखकर ऐसा लगता है जैसे ये प्रकृति का करिश्मा है, लेकिन सच्चाई ये है कि ये सभी आइलैंड मानव निर्मित हैं। बता दें, आज ये सभी जगहें फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुकी है। हर साल लाखों की संख्या में देश- विदेश से टूरिस्ट यहां घूमने आते हैं। आइए जानते हैं इन आइलैंड के बारे में।

### पाम जुमेराह, दुबई, UAE



पाम जुमेराह (Palm Jumeirah) आज दुबई की पहचान बन चुका है। ये आइलैंड ताड़ के पेड़ (Palm Tree) के आकार में बना हुआ है। साल 2001 में इस आइलैंड का निर्माण शुरू हुआ था और महज पांच साल बाद 2006 में इसका निर्माण पूरा हो गया। जिसके बाद साल 2007 से लोगों ने यहां रहना शुरू कर दिया था। बता दें, इस आइलैंड पर आपको दुबई के कुछ सबसे शानदार होटल मिलेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, यहां करीब 80 हजार लोग एक साथ रह सकते हैं। बताया जाता है, इस आइलैंड का आधार रेत और चट्टानों से बनाया गया है।

### द वर्ल्ड आइलैंड, दुबई, UAE



दुबई में वर्ल्ड आइलैंड एक और एंबिशियस प्रोजेक्ट है जो अभी तक पूरी नहीं हुआ है। इस प्रोजेक्ट के तहत, 300 प्राइवेट आइलैंड का निर्माण चल रहा है। बता दें, इस आइलैंड को विश्व मानचित्र यानी वर्ल्ड मैप के आकार में तैयार किया जा रहा है। ऐसे में हर आइलैंड किसी ने किसी देश को रिप्रजेंट करेगा। इसी के साथ यहां कुछ आइलैंड पर शानदार होटल भी हैं, जहां क्वालिटी टाइम बिताने के लिए टूरिस्ट दूर- दूर से आते हैं।

### पर्ल-कतर, दोहा, कतर

पर्ल-कतर अरब की खाड़ी में लगभग 4 मिलियन वर्ग मीटर में फैला है, और दोहा के बीच पर स्थित है। इस



आइलैंड को मोतियों की एक माला जैसा डिज़ाइन किया गया है, जो कतर के ऐतिहासिक मोती उद्योग (pearling industry) को एक श्रद्धांजलि है। पर्ल-कतर देश का एक बेहद ही खूबसूरत आइलैंड हैं,जहां आपको लग्जरी घर, हाई-एंड शॉपिंग आउटलेट है।

### हुलहुमाले, मालदीव

हुलहुमाले मालदीव में एक मानव निर्मित आइलैंड है जिसे देश की बढ़ती आबादी और समुद्र के बढ़ते स्तर



के खतरे को संबोधित करने के लिए डिजाइन किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि इस आइलैंड का निर्माण समुद्र से जमीन को पुनः प्राप्त करके किया गया था। इसका उद्घाटन 2004 में किया गया था। आज ये एक फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन है और मालदीव आने वाले टूरिस्ट यहां जरूर घूमने आते हैं।

### कंसाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जापान

क्या आप जानते हैं कि कंसाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट वास्तव में ओसाका खाड़ी (Osaka Bay) में एक मानव निर्मित आइलैंड पर स्थित है। बता दें, इस एयरपोर्ट को इंजीनियरिंग की दुनिया की सबसे प्रभावशाली उपलब्धियों में से एक माना जाता है। आज से 30 साल पहले 4 सितंबर 1994 को ये एयरपोर्ट खोला गया था। आज भी इसे दुनिया का सबसे अनोखा एयरपोर्ट माना जाता है। रिपोर्ट्स की मानें तो मानव द्वारा बनाए गए आइलैंड कुछ समय बाद पानी में डूब सकता है।



New Delhi

# मिडिल ईस्ट जंग के बीच पेट्रोल-डीजल के दाम पर सरकार का बड़ा बयान, करोड़ों भारतीयों को राहत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दुनिया भर में जब भी मिडिल ईस्ट में हलचल बढ़ती है, तो सबसे पहले जेहन में एक ही सवाल आता है— क्या पेट्रोल-डीजल महंगा होने वाला है? मौजूदा तनाव और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में जारी उथल-पुथल ने एक बार फिर यही डर पैदा कर दिया था। लेकिन भारतीय नागरिकों के लिए एक बहुत बड़ी और सुकून देने वाली खबर सामने आई है। सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में ईंधन की कीमतों में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।

सरकार ने साफ शब्दों में आश्वासन दिया है कि देश में तेल का पर्याप्त भंडार (Stock) मौजूद है और स्थिति



में लगातार सुधार हो रहा है। अक्सर ऐसी खबरों के बाद पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के पैनिक में न आएं। सप्लाई चेन पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति सरकार के नियंत्रण में है। भारत ने केवल आश्वासन ही नहीं दिया, बल्कि अपनी तेल सुरक्षा (Oil Security) को पुख्ता करने के लिए ठोस कदम भी उठाए हैं। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक तेल व्यापार का एक नाजुक रास्ता है, वहां से होने वाली सप्लाई पर अपनी निर्भरता को भारत ने कम कर दिया है।

पहले भारत अपनी जरूरत का 60% कच्चा तेल हॉर्मुज के अलावा अन्य वैकल्पिक रास्तों से मंगवाता था, जिसे अब बढ़ाकर 70% कर दिया गया है।

Uttarpradesh

## यूपी: 'साहब, बहुत तेज पेट दर्द हो रहा है', बहाने से खुलवाया हवालात का गेट

### ● फिर संतरी को धक्का देकर भाग निकले दो इनामी गैंगस्टर

**सिद्धार्थनगर, (एजेंसी)** सिद्धार्थनगर जिले के शोहरतगढ़ थाने से आज सुबह 6 बजे गैंगस्टर एक्ट के दो इनामी अभियुक्त अतुल उर्फ इंद्र कपूर और मोहम्मद रकीब पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए. 25-25 हजार रुपये के इन इनामी बदमाशों ने पेट दर्द का बहाना बनाकर हवालात का दरवाजा खुलवाया और पहरा संतरी से भिड़कर भाग निकले. पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर एसओजी और थाना प्रभारी की संयुक्त टीम ने तत्काल घेराबंदी शुरू की. पुलिस ने महज 2 घंटे के भीतर दोनों को चौधरी लान के पीछे एक खेत से गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया.

हवालात में बंद शातिर अपराधी अतुल ने सुबह अचानक पेट में तेज दर्द होने का नाटक किया. उसकी कराह सुनकर ड्यूटी पर तैनात संतरी ने मानवीयता के नाते हवालात का दरवाजा खोल दिया. दरवाजा खुलते ही दोनों बदमाश संतरी पर टूट पड़े. संतरी ने उन्हें रोकने की काफी कोशिश की, जिसमें उसके कपड़े फट गए और चोटें भी आईं, लेकिन आरोपी भागने में सफल रहे. इस घटना के बाद थाने में हड़कंप मच गया और उच्चाधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई.

फरारी की खबर मिलते ही एसपी ने एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर मिथिलेश और एसएचओ नवीन की टीम को सर्च ऑपरेशन में लगाया. पुलिस ने इलाके की सघन घेराबंदी की और मात्र 120 मिनट के भीतर दोनों को कस्बे के चौधरी लान के पीछे स्थित एक खेत से ढूंढ निकाला. पकड़े गए अतुल पर चोरी और लूट जैसे 15 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि रकीब पर 6 मामले दर्ज हैं. पुलिस ने इन्हें 7 मार्च की शाम को ही गिरफ्तार किया था.

Uttarpradesh

## 63 कॉल, 47 मैसेज, पूरी रात सॉरी कहने की कोशिश, सुबह बीवी की लाश मिली

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक निजी अस्पताल के हॉस्टल में रह रही 28 वर्षीय नर्स प्रियंका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार दोपहर प्रियंका का शव उनके कमरे में बेसुध अवस्था में मिला। पुलिस की शुरुआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे किसी भी पत्थर दिल को झकझोर देने वाले हैं। मरने से पहले पूरी रात प्रियंका अपने पति को फोन और मैसेज करती रही, लेकिन पति ने एक बार भी कॉल रिसीव नहीं किया। पीलीभीत के कुंवरपुर बंजरिया निवासी सुनील और प्रियंका की शादी वर्ष 2014 में हुई थी। दोनों ही पेशे से नर्स हैं। विवाद के चलते पिछले छह महीने से प्रियंका पति से अलग अस्पताल के पास स्थित एक हॉस्टल में अपनी साथी नर्स आस्था के साथ रह रही थी। शनिवार रात प्रियंका की ड्यूटी थी, लेकिन तबीयत खराब होने की बात कहकर उन्होंने छुट्टी ले ली थी। रविवार सुबह जब रूममेट आस्था ड्यूटी पर चली गई और दोपहर में वापस लौटी, तो प्रियंका को उठाने की कोशिश की।

Rajasthan

## खेत में देवर-भाभी ने की आत्महत्या

**बाड़मेर, (एजेंसी) बाड़मेर बाड़मेर जिले के बाखासर थाना क्षेत्र में देवर-भाभी ने पेड़ से फंदा लगा आत्महत्या कर ली। दोनों के बीच पिछले दो साल से अफेयर चल रहा था। दरअसल महिला की 4 साल पहले शादी हुई थी। शनिवार रात को दोनों घर से गायब हुए थे। रविवार सुबह खेत में दोनों के शव पेड़ से लटके हुए मिले। जिसके बाद बाखासर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को नीचे उतारा। बाखासर थानाधिकारी राजूराम विश्नोई ने बताया कि बाखासर के एक गांव में महिला और उसके देवर ने सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर** पहुंचे।

दोनों पेड़ पर एक ही फंदा लगा कर लटके थे। आसपास के लोग जब खेत में पहुंचे तो दोनों को पेड़ से लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस को युवक की जेब से एक कागज मिला है जिस पर शायरी लिखी है। प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग होना सामने आया है। 20 साल का देवर कुंवारा है और 2 महीने बाद शादी होना तय था। वहीं महिला की 4 साल पहले शादी हुई है। महिला की उम्र 25 साल है। दोनों के बीच अफेयर था। घर से करीब डेढ़-दो किमी. दूर जाकर एक पेड़ पर चढ़े और एक ही फंदे से दोनों से आत्महत्या कर ली।

खेल

# टीम इंडिया ने T20 WC 2026 में लहराया तिरंगा

### न्यूजीलैंड को रौंदकर तोड़ा 19 सालों का तिलिस्म

**अहमदाबाद।** टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 अपने नाम कर लिया है। भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदकर तिरंगा लहराया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 256 रनों का विशाल टारगेट दिया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 19 ओवर में 159 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने चैंपियन बनकर कई तिलिस्म तोड़े हैं। भारत तीन बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इकलौती टीम बन गई है। भारत ने 2007 में एमएस धोनी और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीता था। भारत टूर्नामेंट के 19 सालों के इतिहास में खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम है। भारत बतौर मेजबान यह टूर्नामेंट जीतने वाला पहला देश है।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने खराब आगाज किया। सेमीफाइनस में सेंचुरी जड़ने वाले फिन एलन (9) का बल्ला नहीं चला। न्यूजीलैंड की खस्ता हालत का अंदाजा इससे



लगाया जा सकता है कि आधी टीम 72 रन पर लौट गई। रचिन रविंद्र (1), ग्लेन फिलिप्स (5) और मार्क चैपमैन (3) समेत साच प्लेयर दहाई अंक में नहीं पहुंचे। कीवी टीम के लिए ओपनर टिम सीफर्ट ने सर्वाधिक 52 रन बटोरे। उन्होंने 26 गेंदों का सामना करने के बाद दो चौके और पांच छक्के जड़े। डेरिल मिचेल ने 11 गेंदों में 17 रन बनाए। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 35 गेंदों 38 रनों का योगदान दिया। भारत की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा विकेट लिए। उन्होंने चार ओवर में 15 रन देकर चार शिकार किए। अक्षर पटेल को तीन विकेट मिले जबकि हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट झटका। इससे पहले, भारत ने टॉस गंवाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 255 रन बनाए, जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। फॉर्म में लौटे अभिषेक शर्मा और लगातार भारत के 'मैन विनर' साबित हो रहे संजू सैमसनने तूफानी बल्लेबाजी की। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझते रहे अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाए जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। उन्होंने पांच चौके और आठ छक्के लगाए। वहीं, ओपनर अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के जमाए। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर से पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में चूक गए। उन्होंने ऑफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाए। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं लिया। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिए और हार्दिक पांड्या (13 गेंदों में 18) एक विकेट चटकाया। भारत ने पावरप्ले के छह ओवरों में 92 रन बना लिए थे।

सिनेमा

## ऐश्वर्या जैसे हेयरस्टाइल में छाईं आराध्या, मां का हाथ थामकर दिए पोज, लूटी लाइमलाइट



इंटरनेट में पावर कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय की तस्वीरें वायरल हो रही हैं. दोनों जब भी साथ आते हैं, फैंस का दिन बन जाता है. हाल ही में दोनों एक शादी में शामिल हुए. मुदित अडाणी और अनन्या दिवानजी के वेडिंग सेलिब्रेशन में सितारों की महफिल सजी. अंबानी फैमिली भी जश्न में शामिल हुई. लेकिन सेलेब्स के बीच लाइमलाइट बच्चन परिवार ने लूटी. रॉयल ब्लू ट्रेडिशनल आउटफिट में ऐश्वर्या राय स्टनिंग लगीं, उन्होंने साइड पार्टेड वेवी ओपन हेयर्स, ग्लोइंग मेकअप, सिग्नेचर रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया. पत्नी संग अभिषेक बच्चन ट्विनिंग करते दिखे. वो ब्लू सूट में दिखे. कपल ने साथ में सलाम-ए-इश्क गाने पर परफॉर्म किया. उनकी केमिस्ट्री के सोशल मीडिया पर चर्चे हो रहे हैं. ओरी ने भी इंस्टा पर अभिषेक और ऐश्वर्या संग कैंडिड फोटो शेयर की हैं. इनमें पावर कपल का जलवा देखने लायक है. आराध्या ने भी पेरेंट्स संग पार्टी अटेंड की. वो व्हाइट कलर के शिमरी आउटफिट में खूबसूरत लगीं. न्यूड लिप्स और ब्लू आइलाइनर में वो नजर आईं.

## Highlights

1. **Wild elephant enters village near Bengaluru, sparks panic**
2. **120 people protesting against new UGC norms detained, taken to Delhi's outskirts**
3. **Kangra valley rail line set to reopen after four-year halt**
4. **Delhi ACP Apurva Verma secures AIR 42 in UPSC exam**
5. **How do numbers stack up as Opposition moves no-trust motion against LS Speaker Om Birla?**
6. **Airport staffer held for killing woman, burning body in Bengaluru**

# Sensex, Nifty 50 slump to lowest in 11 months as oil boils amid Iran war

**NEW DEIHI, (Agency).** India's stock market slumped to the lowest in nearly a year as the widening Iran war sent crude oil prices soaring, threatening to reignite domestic inflation and strain the rupee.

The 30-share S&P BSE Sensex fell as much as 3.16% — or 2,494.35 points — to 76,424.55 points, while the wider NSE Nifty 50 shed up to 3.07% to an intraday low of 23,697.80 points. The market turmoil is being driven by a violent spike in energy markets. Brent crude oil prices have surged enough to test $120/barrel levels.

Almost all Nifty 500 companies are trading in the red.

Except Coal India Ltd., all Nifty stocks are in the red.

Nifty Midcap, Smallcap are down about 1.8% each.

India VIX surges over 20% to the highest since July 2024.

₹12 lakh crore in investor wealth wiped out already.

BPCL, HPCL fall up to 8%



due to surge in crude oil prices. HDFC Bank, ICICI Bank, Reliance Industries top losers on Nifty 50. “Big oil importers like India will be hit hard if the Iran war lingers long and crude price remains high,” V.K. Vijayakumar, chief investment strategist at Mumbai-based Geojit Investments Ltd., told Hindustan Times over email. “The market will price-in the economic consequences of this oil shock. Inflation will certainly move up whether the oil price hike is passed on to consumers or not.” The price shock comes as an escalating Iran war stokes fears of prolonged supply disruptions through the Strait of Hormuz. Adding to the supply constraints, Iraq and Kuwait have begun curbing oil output, compounding earlier LNG reductions from Qatar. Geopolitical tensions have intensified dramatically over the weekend. Iran named Mojtaba Khamenei to succeed his father as Supreme Leader, signalling that hardliners remain firmly entrenched a week into the conflict. Meanwhile, Israel expanded its military campaign with strikes on Iranian commanders in Beirut early Sunday, pushing the death toll from days of attacks to nearly 400.

# SanDisk Extreme Fit reminds us of good storage, small packages, and practicality

**NEW DEIHI, (Agency).** It is no mean feat to achieve storage capacities up to 1TB in a drive that’s no wider than a typical human nail and not much thicker than an index finger. That is exactly what SanDisk has managed to achieve with the Extreme Fit USB-C flash drive, in an attempt to cater to a world where peripheral minimalism defines modern age laptops, tablets, and smartphones, with which this drive also works. Can we return to the



‘thumb drive’ moniker, as it would be very relevant? In case you’re still wondering, this drive weighs only 3 grams. It is so small and light that one wishes SanDisk provided a carry case of some sort. Or at least a connector protector.

SanDisk is selling this diminutive drive in five storage capacities — 64GB, 128GB, 256GB, 512GB, and 1TB. Clearly, size isn’t the Extreme Fit drive’s only strength. The one we are reviewing here is the 512GB capacity specifically, which is on par with the rest, except the 64GB drive, in terms of data transfer speeds. Prices are as follows: 64GB ( ₹2,049), 128GB ( ₹2,799), 256GB ( ₹4,899), 512GB ( ₹4,999), and 1TB ( ₹17,299). There is surprisingly little gap between the 256GB and 512GB prices, and of course, our recommendation would be the latter for that little extra money being spent.

# बदमाशों के साथ बर्थडे मनाने वाला हेड कॉन्स्टेबल निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। परदेशीपुरा क्षेत्र में पदस्थ एक हेड कॉन्स्टेबल का जन्मदिन मनाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। गुरुवार को हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार ने अपना जन्मदिन मनाया था, जिसमें संयोगितागंज क्षेत्र के तीन बदमाश भी पहुंच गए। उन्होंने हेड कॉन्स्टेबल को माला पहनाई और साथ में फोटो व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।



वीडियो वायरल होने के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा। इसके बाद शनिवार रात हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार को निलंबित कर दिया गया।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि परदेशीपुरा थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें उनकी कथित रूप से कुछ बदमाशों के साथ नजदीकियां नजर आ रही थीं। वीडियो सामने आने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई और प्रारंभिक जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी पुलिसकर्मी की आपराधिक तत्वों से सांठगांठ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार के जन्मदिन समारोह के दौरान कई लोग वहां मौजूद थे। इसी दौरान संयोगितागंज क्षेत्र में रहने वाले सगे भाई अक्रात और आयुष अपने रिश्तेदार विकास के साथ वहां पहुंचे और हेड कांस्टेबल के साथ फोटो खिंचवाए। बताया जा रहा है कि तीनों के खिलाफ संयोगितागंज थाने में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। अंक्रात और आयुष के पिता दीनू निगरानीशुदा बदमाश बताए जाते हैं। वहीं विकास पर भी नशा और मारपीट से जुड़े करीब 10 मामले दर्ज हैं।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कनाडिया इलाके में रहने वाली एक महिला ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि वह परिवार के लोगों से बात कर रही थी। कुछ देर बाद कमरे में चली गई और दरवाजा लगा लिया। इसके बाद उसने फांसी लगा ली। शाम को उसे फंदे पर लटके देखा गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। कनाडिया पुलिस के मुताबिक आयुषी (33) पति अर्पित केसरे निवासी अरावली परिसर कनाडिया ने शनिवार को सुसाइड कर लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि आयुषी को परिजनों ने फंदे पर देखा था। इसके बाद उसे नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचे। आयुषी के परिजनो ने बताया कि वह शनिवार का हाल में बैठकर सास ससुर से बात कर रही थी। इसी दौरान वह उठकर कमरे में चली गई। बाद में काफी देर तक बाहर नही आई। आयुषी के पति निजी कंपनी में काम करते हैं। पुलिस को मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में जांच की जा रही है।

## गंभीर मामलों की सुनवाई प्रभावित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। आपराधिक मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक सेशन कोर्ट-एक एजीपी का फार्मूला महीनों पहले स्वीकृत हो चुका है, लेकिन यह व्यवस्था अब तक लागू नहीं हो सकी है। इंदौर जिले में 48 सेशन कोर्ट होने के बावजूद अभियोजन की ओर से पैरवी करने के लिए सिर्फ 11 अतिरिक्त लोक अभियोजक (एजीपी) ही पदस्थ हैं। ऐसे में एक एजीपी को तीन से चार सेशन कोर्ट का काम संभालना पड़ रहा है, जिससे गंभीर मामलों की सुनवाई प्रभावित हो रही है इंदौर जिले में कुल 48 सेशन कोर्ट हैं। इनमें से 40 इंदौर जिला न्यायालय में, पांच आंबेडकर नगर (महू) में, दो सांवेर में और एक देपालपुर में संचालित हैं। करीब आठ महीने पहले शासन ने प्रत्येक सेशन कोर्ट में अलग-अलग एजीपी नियुक्त करने की व्यवस्था को मंजूरी दी थी, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया जा सका है।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!
ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए
"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...
गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।
समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक